कार्यालय पुलिस उपायुक्त वरुणा जोन, पुलिस कमिश्नरेट वाराणसी

प्रेस नोट

दिनांक-22.09.2024

विषयः- जानलेवा हमला करने के प्रकरण मे वांछित अभियुक्त मो0 फैसल थाना लोहता पुलिस टीम द्वारा गिरफ्तार।

श्रीमान् पुलिस आयुक्त वाराणसी के अपराधों की रोकथाम एवं वांछित/फरार अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में, श्रीमान् पुलिस उपायुक्त वरुणा ज़ोन के निर्देशन मे, श्रीमान् अपर पुलिस उपायुक्त वरुणा ज़ोन के पर्यवेक्षण मे, श्रीमान् सहायक पुलिस आयुक्त रोहनियां के नेतृत्व में थाना लोहता पुलिस टीम द्वारा मुखबिर की सूचना पर मु0अ0सं0-191/2024 धारा 115(2),352,351(2),109 बी0एन0एस0 थाना लोहता कमि0 वाराणसी से सम्बन्धित नामजद वांछित अभियुक्त मो0 फैसल पुत्र मो0 मोबीन निवासी हरपालपुर कनई सराय थाना लोहता जनपद वाराणसी को आज दिनांक-22.09.2024 को समय करीब 11.30 बजे ग्राम धन्नीपुर से धन्नीपुर मोड़ भदोही रोड थाना लोहता कमि0 वाराणसी से गिरफ्तार किया गया। उक्त के सम्बन्ध में थाना लोहता पुलिस द्वारा आवश्यक विधिक कार्यवाही की जा रही है।

घटना का विवरण- दिनांक-21.09.2024 को वादी मुकदमा अब्दुल कुद्दुस पुत्र अब्दुल लजीज निवासी हरपालपुर थाना लोहता जनपद वाराणसी ने प्रतिवादीगण 1-मोबीन 2-फैसल व 3-कौशल निवासीगण-हरपालपुर थाना लोहता जनपद वाराणसी द्वारा समय करीब 18.30 बजे पुरानी रंजिश को लेकर वादी अब्दुल कुद्दुस व उनके परिवारीजन को जान से मारने की नियत से हॉकी-डण्डा से मारने-पीटने, गाली-गलौज करने तथा जान से मारने की धमकी देने के संबंध में लिखित प्रार्थना पत्र दिया, जिसके आधार पर थाना लोहता में मु0अ0सं0-191/2024 धारा 115(2),352,351(2),109 बी0एन0एस0 पंजीकृत किया गया, जिसकी विवेचना उ0नि0 अनुज कुमार द्वारा संपादित की जा रही है।

गिरफ्तार अभियुक्त का विवरण-

मो0 फैसल पुत्र मो0 मोबीन निवासी हरपालपुर कनई सराय थाना लोहता जनपद वाराणसी, उम्र करीब 23 वर्ष।

विवरण पूछताछ- अभियुक्त मो0 फैसल ने पूछताछ करने पर बताया कि हमारे और अब्दुल कुद्दुस के बीच पुराने मुकदमें को लेकर रंजिश चल रही है और इसी पुरानी रंजिश को लेकर कल दिनांक-21.09.2024 को शाम करीब 06.30 से 07.00 बजे के बीच में अब्दुल कुद्दुस व उसके लड़के सेराज व मेराज से गाली-गलौज व मार-पीट हो गयी थी।

गिरफ्तारी दिनांक, समय व स्थान- दिनांक-22.09.2024 को समय करीब 11.30 बजे ग्राम धन्नीपुर से धन्नीपुर मोड़ भदोही रोड थाना लोहता कमि0 वाराणसी से।

आपराधिक इतिहास-

अभियुक्त मो0 फैसल पुत्र मो0 मोबीन नि0 हरपालपुर कन्हई सराय थाना लोहता जनपद वाराणसी।

1-मु0अ0सं0 191/2024 धारा 109/115(2)/351(2)/352 बी0एन0एस0 थाना लोहता कमि0 वाराणसी।

2-मु0अ0सं0 199/2018 धारा 147/148/323/332/342/353/394/411/504/506 भा0द0वि0 थाना लोहता कमि0 वाराणसी।

3-मु0अ0सं0 200/2018 धारा 147/148/323/342/394/411/504/506 भा0द0वि0 व धारा 7 दंडविधि संशोधन अधि0 2013 थाना लोहता कमि0 वाराणसी।

गिरफ्तारी करने वाली पुलिस टीम का विवरण-

1. प्र0नि0 प्रवीन कुमार थाना लोहता कमिश्नरेट वाराणसी।
2. उ0नि0 अनुज कुमार थाना लोहता कमि0 वाराणसी।
3. हे0का0 मोहन कुमार थाना लोहता कमिश्नरेट वाराणसी।

सोशल मीडिया सेल
पुलिस उपायुक्त
वरुणा जोन, कमिश्नरेट वाराणसी